# ECHO OF HIS CALL

HINDI

# बुलावे की प्रतिध्वनि

ECHO OF HIS CALL 1969-2019 GOLDEN JUBILEE
REACHING NATIONS

*India's National Spiritual Newspaper*

₹ 10/-

Published monthly in ENGLISH, TAMIL, MALAYALAM, TELUGU, HINDI, KANNADA, MARATHI, BENGALI, GUJARATI, ODIYA, ASSAMESE, PUNJABI, NEPALI, URDU, SINHALA & AFRIKAN

Editor : S. SAM SELVA RAJ | 16 Languages | Associate Editor : Sis. DOROTHY S. THOMAS

Vol. XXIX YEAR OF OUR LORD JESUS CHRIST, 2024 OCTOBER No.11


पवित्र बाइबल!
इन वचनों को याद करें
परमेश्वर की स्तुति हो
नीतिवचन 13:1—10

1 बुद्धिमान पुत्र पिता की शिक्षा सुनता है, परन्तु ठट्ठा करनेवाला घुड़की को भी नहीं सुनता।
2 सज्जन अपनी बातों के कारण उत्तम वस्तु खाने पाता है, परन्तु विश्वासघाती लोगों का पेट उपद्रव से भरता है।
3 जो अपने मुँह की चौकसी करता है, वह अपने प्राण की रक्षा करता है, परन्तु जो गाल बजाता है उसका विनाश हो जाता है।
4 आलसी का प्राण लालसा तो करता है, और उसको कुछ नहीं मिलता, परन्तु कामदृकाजी हृष्ट पुष्ट हो जाते हैं।
5 धर्मी झूठे वचन से बैर रखता है, परन्तु दुष्ट लज्जा का कारण और लज्जित हो जाता है।
6 धर्म खरी चाल चलनेवाले की रक्षा करता है, परन्तु पापी अपनी दुष्टता के कारण उलट जाता है।
7 कोई तो धन बटोरता, परन्तु उसके पास कुछ नहीं रहता, और कोई धन उड़ा देता, तौभी उसके पास बहुत रहता है।
8 प्राण की छुड़ौती मनुष्य का धन है, परन्तु निर्धन घुड़की को सुनता भी नहीं।
9 धर्मियों की ज्योति आनन्द के साथ रहती है, परन्तु दुष्टों का दिया बुझ जाता है।
10 झगड़े रगड़े केवल अहंकार ही से होते हैं, परन्तु जो लोग सम्मति मानते हैं, उनके पास बुद्धि रहती है।

## हमारे विचार महत्व रखते हैं : मनन दाऊद की ओर से!

## Our Thoughts Matter: Reflections from David


मानद प्रधान सम्पादिका, रेव्ह. एन्जेलिन सेल्वाकुमारी




हमारे प्रभु और उद्धारकर्ता यीशु मसीह के अतुल्य नाम में सब का अभिवादन!

हर महीने हमारी मासिक पत्रिका के द्वारा एको ऑफ हिज़ कॉल के हमारे सदस्यों के साथ संपर्क करते हुए मुझे बड़ा आनंद होता है। हमारे जीवन में उसके उद्देश्य को पूरा करते हुए हमारा मार्गदर्शन और अगवाई करना परमेश्वर जारी रखे और हमें उसके लौट आने के लिए तैयार करे।

यूनाइटेड स्टेट्स के संस्थापक पिता माने गए आदरणीय बेंजामिन फ्रैंकलिन ने एक समय कहा, "ये अत्यंत प्रभावी शब्द हैं।" नियोजन हमारे जीवनों का महत्वपूर्ण पहलू है।

कुछ लोग योजना बनाने और उसे अमल में लाने दोनों बातों में माहिर होते हैं।

अन्य लोग योजना तो बनाते हैं लेकिन अपनी रणनीतियों को अमल में लाने हेतु संघर्ष करते हैं।

एक और समूह है जो बिल्कुल योजना नहीं बनाते, बल्कि भाव के साथ आगे बढ़ाना पसंद


*....Contd. to page 3*




एको ऑफ हिज़ कॉल 5 *मिनिट का संदेश!!*


यू ट्यूब *मसीही चैनल!*

तुम्हें पास्टर एस. सैम सिल्वा राज के साथ प्रार्थना करने का अवसर मिलेगा!

*अंग्रेजी, हिन्दी, तमिल और तेलूगू*

*प्रतिदिन सुबह* 2 *बजे* *तमिल रविवार सभा - सुबह 8:30 बजे*

# ECHO OF HIS CALL - (1969-2019 GOLDEN JUBILEE YEAR)



REACHING NATIONS

## *from your dearly beloved brother...*



**OUR MISSION POLICY**

We should expound and teach the contemporary generation the undiluted teachings of the ancient and early Apostles. It is the need of the hour.


HON. EDITOR-IN-CHIEF
Rev. Angeline S. Kumari, M.A., M.Sc., M.Ed.
MANAGING EDITOR
Pastor Alex Samson Sam, B.Th., M.Div.
GENERAL MANAGER
Bro. N. Prakasam, M.A., M.Sc.(C&P), PGDHRM., MBA.
ADMINISTRATION
Sis. Jesy Veena Sam
Adv. K. Puratchivendan, M.Com., C.A., B.L.
Dr. P.E.R. Premchand, M.Sc., M.A., M.Ed., Ph.D.
Dr. C.G.S. Baburao, B.Tech., M.Tech. (DM), Ph.D.
Dr. Rabinder Boaz, M.S. (CMC)
EDITORIAL BOARD
Dr. Serena Bevin, M.A., M.Phil., B.Ed.
Sis. Sajini Cherian
Rev. Dr. K.R. Rajasekaran



EDITOR, PUBLISHER & PRINTER
Pastor S. SAM SELVA RAJ
Echo of His Call Printers



10, Mohammed Abdullah 2nd Street,
Chepauk, Chennai- 600 005, India.
Phone : (+ 91- 44) 2852 8282, 2852 9293, 2854 7766
Cell : (+91) 98410 71852, 98412 71858 95661 31858
E.MAIL
sam@echoofhiscall.org
biblecor@yahoo.co.in
WEBSITES
www.echoofhiscall.org
www.stpaulsmatriculation.com
YOUTUBE CHANNEL
Echo of His Call


**"यहोवा आप ही तुम्हारे लिये लड़ेगा, इसलिये तुम चुपचाप रहो।" निर्गमन 14:14**

प्रिय मित्रों,

हम आपको हमारे प्रभु और उद्धारकर्ता, यीशु मसीह के अतुलनीय नाम से अभिवादन करते हैं! हम पास्टर एस. सैम सेल्वा राज की आत्मकथा तैयार करने की प्रक्रिया में हैं। यदि आपको पिछले 55 वर्षों में एको ऑफ़ हिज़ कॉल की सेवाओं से आशीर्वाद मिला है, और यदि आपको पास्टर एस. सैम सेल्वा राज और उनकी सेवकाई के माध्यम से हमारे प्रभु यीशु मसीह के साथ एक उल्लेखनीय मुलाकात हुई है, तो हम आपको इस आत्मकथा में शामिल करने के लिए अपने अनुभव हमारे साथ साझा करने के लिए आमंत्रित करते हैं। परमेश्वर आपको आशीषा देगा!

जैसे-जैसे हम 2024 के अंत के करीब पहुंच रहे हैं, हम आपके साथ हाथ मिलाते हुए परमेश्वर के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं, की उसने हमें समय पर्र अकथनीय और अवर्णनीय रूप से मदद की। कई अवसरों पर, उसने हमारे मिशन कक्ी सहायता करने के लिए आपका उपयोग किया है। वही परमेश्वर, यीशु मसीह, आज आपके लिए उपलब्ध हैं; इसलिए, आप उस पर विश्वास कर सकते हैं और अपने जीवन में आश्चर्यकर्म के लिए उस पर निर्भर हो सकते हैं।

इस अंक के माध्यम से, हम अपनी सेवकाई के निम्नलिखित क्षेत्रों के लिए आपकी हार्दिक प्रार्थनाओं का आग्रह करते हैं :


जैसे-जैसे हम 2024 के अंत के करीब पहुंच रहे हैं, हम आपके साथ हाथ मिलाते हुए परमेश्वर के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं, की उसने हमें समय पर्र अकथनीय और अवर्णनीय रूप से मदद की। कई अवसरों पर, उसने हमारे मिशन कक्ी सहायता करने के लिए आपका उपयोग किया है। वही परमेश्वर, यीशु मसीह, आज आपके लिए उपलब्ध हैं; इसलिए, आप उस पर विश्वास कर सकते हैं और अपने जीवन में आश्चर्यकर्म के लिए उस पर निर्भर हो सकते हैं।

इस अंक के माध्यम से, हम अपनी सेवकाई के निम्नलिखित क्षेत्रों के लिए आपकी हार्दिक प्रार्थनाओं का आग्रह करते हैं :


- जैसे-जैसे समय बीतता गया, कर्मचारी मानसिकता, सरकारी नीतियों और हमारे मित्रों से वित्तीय सहायता में कमी के कारण प्रशासनिक चुनौतियां बढ़ती गईं। आज के कई विश्वासी समृद्धि, गलत सिद्धांतों और आत्मिक दुनिया के आकर्षण से प्रभावित हैं, जिससे परमेश्वर के सच्चे सेवकों की उपेक्षा होती है। हम वास्तव में इस स्थिति से प्रभावित हैं, लेकिन हमारा परमेश्वर अपने सेवकों और सेवकाईयों की देखभाल करने में विश्वासयोग्य बना हुआ है। कृपया इस परिस्थिति में बदलाव के लिए प्रार्थना करें।
- हमारी कलीसिया, नहेम्याह बाइबल कॉलेज, ईश्वरविज्ञान पत्राचार पाठ्यक्रम, बाइबल कोर - बाइबल पत्राचार पाठ्यक्रम, यू ट्यूब सेवकाई, सेंट पौल्स मैट्रिकुलेशन स्कूल और प्रिंटिंग प्रेस उत्तम रीति से काम कर रहे हैं; हालांकि, इन सभी उपक्रमों के लिए आत्मिक और वित्तीय प्रोत्साहन की आवश्यकता है।

- हमें अपने मिशन क्षेत्रों, कलीसियाओं, प्रिंटिंग प्रेस, कार्यालयों, स्कूलों और बाइबल कॉलेजों में हमारे साथ सहयोग करने के लिए अधिक समर्पित कार्यकर्ताओं की आवश्यकता है।
- हमें अपने हिंदी और तमिल नहेमायाह बाइबल कॉलेजों के लिए छात्रों की भर्ती करना चुनौतीपूर्ण लग रहा है। कुछ अगुवे विभिन्न कारणों से अपने युवाओं को बाइबल कॉलेजों में भेजने के लिए अनिच्छुक हैं। फिर भी, हम उन्हें अलग-अलग क्षेत्रों में वापस भेजने से पहले सावधानीपूर्वक शिक्षित, प्रशिक्षित करते हैं, उनके भोजन तथा अन्य सभी ज़रूरतों को पूरा करते हैं, जिससे वे अपनी परमेश्वर द्वारा दी गई बुलाहट के अनुसार अपनी सेवाओं को जारी रख सकें। हम अपने प्रशिक्षण के लिए कोई शुल्क नहीं लेते हैं। हमने जिन छात्रों को प्रशिक्षित किया है, वे अब मिशन के क्षेत्र में सितारों की तरह चमक रहे हैं। कृपया इस स्थिति के लिए प्रार्थना करें।

हमने इस वर्ष सितंबर, अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर के महीनों के दौरान कई आउटरीच सेवाओं की योजना बनाई है। हम इन गतिविधियों के दौरान सुरक्षा के लिए आपकी प्रार्थनाओं का अनुरोध करते हैं।

हम सेवकाई में एक साथ यात्रा करते समय आपके समर्थन की गहराई से सराहना करते हैं। हम आपके सभी पत्रों और ईमेल का जवाब देने का प्रयास करते हैं और मनी ऑर्डर, बैंक चेक, डिमांड ड्राफ्ट, ट्रांसफर, नेट बैंकिंग और जी-पे के माध्यम से आपके सभी वित्तीय योगदानों को स्वीकार करते हैं। यदि आपको हमारे उत्तर, रसीदें या हमारा समाचार पत्र, एको ऑफ़ हिज़ कॉल, उचित समय सीमा के भीतर प्राप्त नहीं होता है, तो कृपया हमसे +91 98410 71858 या +91 98412 71858 पर संपर्क करने में संकोच न करें। हम आपकी सहायता के लिए यहां हैं।

परमेश्वर आपको बहुतायत से आशीष दे।

*मसीह यीशु में आपके सेवक,*

***पास्टर एलेक्स सैमसन सैम***

***पास्टर एस. सैम सिल्वा राज***

(+91) 98410 71858 / 98412 71858 Email: sam@echoofhiscall.org

## एको ऑफ हिज़ कॉल के पाठकों : ध्यान दें

हमारे 5 मिनिट के एको ऑफ हिज़ कॉल यूट्यूब संदेश सुबह 2 बजे तमिल, अंग्रेज़ी और हिंदी में प्रतिदिन प्रसारित किए जाते हैं। इन संदेशों को देखने से आप परमेश्वर का अनुग्रह पा सकते हैं।

इसके अलावा, आपके व्यक्तिगत मोबाइल फोन में मेरे मोबाइल क्रमांक (+91) 98410 71858, (+91)98412 71858 सेव करें।

– पास्टर एस. सॅम सेल्वा राज

*पृष्ठ 1 से आगेः...*

करते हैं।

मैं सोचती हूं कि आप किस वर्ग में आते हैं? बाइबल हमें नीतिवचन 19:21 (एन आई वी) में स्मरण दिलाता है रू

हम अपने भविष्य को लेकर अनगिनत योजनाएं बना सकते हैं - शिक्षा, विवाह, बच्चे, करियर और संपत्ति हासिल करना आदि।हम लगातार सोचते हैं और योजना बनाते हैं। लेकिन अंततरू परमेश्वर की इच्छाएं और योजना फल आता है। नीति वचन 16:9 ( केजीवी) में दूसरा वचन कहता है रू

योजना बनाता है इस संज्ञा का इस्तेमाल के जे वी संस्करण में किया गया है, जबकि तमिल बाइबल उसका उच्चारण मनुष्य का हृदय विचार करता है के रूप में करता है, और इस बात पर जोर देता है कि हमारे मार्गों को स्थापित करने वाला और दिशा दिखाने वाला परमेश्वर ही है।

सोचा परमेश्वर की ओर से एक अनोखा वरदान है जो मनुष्य को दिया गया है। मनोवैज्ञानिक भी इस बात की पुष्टि करते हैं कि विचार अत्यंत सामर्थी होते हैं, वह हमारे कार्यों और भावनाओं को संचालित करते हैं। इसीलिए बाइबल हमें सलाह देती है, अपने मन की रक्षा करें, हम जिन चीजों को अपने अंदर आने की अनुमति देते हैं वह हमारे विचारों कोआकार देते हैं, और हमारे विचार बदले में जो कुछ हम कहते हैं उसे और जिस प्रकार हम बर्ताव करते हैं उसे प्रभावित करते हैं। इसलिए, सोचना हमारे जीवनों का महत्वपूर्ण पहलू है।

हमारे विचारों में हमारे जीवनों के प्रक्षेपण पथ को बदलने की क्षमता है। परमेश्वर हमारे बारे में क्या सोचता है देखें। यिर्मयाह 29:11, मेरे पास तुम्हारे लिए विचार और योजनाएं हैं (एम्प्लीफाइड संस्करण)। परमेश्वर के पास मात्र योजनाएं नहीं है, उनके पास हमारे बारे में विचार हैं, जो सूचित करता है कि वह हमारे बारे में सक्रिय रूप से सोचता है! क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि सिरजनहार परमेश्वर, जो संसार की घटनाओं का आयोजन करता है, मेरे बारे में सोच विचार रखता है? वह केवल मेरे भविष्य का विचार नहीं करता परंतु मेरी पीढ़ी का भी विचार करता है।

मेरी पीढ़ी के भविष्य का भी विचार करता है। बाइबल हमें सिखाती है कि

**"मेरे विचार और तुम्हारे विचार एक समान नहीं हैं"** (यशायाह 55:8)। ऐसा क्यों है? क्योंकि जिस तरह परमेश्वर हमें देखा है और जिस तरह हमारे बारे में सोचता है यह इस बात से पूरी तरह भिन्न है कि हम अपने आप को कैसे देखते हैं और अपने बारे में कैसे सोते हैं।

उदाहरण के लिए, न्यायियों के अध्याय

६ में गिदोन का विचार करें। वह मिद्यानियों से छिपकर बांजवृक्ष के तले गेहूं झाड़ने में व्यस्त था। ऐसा प्रगट रूप से करने के लिए उसमें साहस नहीं था और वह अपने आप को छुपा रहा था। गिदोन की यही सच्चाई थी। परंतु, जब परमेश्वर ने गिदोन से भेंट की, तब देखे कि वह उसे कैसे संबोधित करता है।

न्यायियों 6:11—12

**"फिर यहोवा का दूत आकर उस बांजवृक्ष के तले बैठ गया, जो ओप्रा में अबीएजेरी योआश**



*The Angel appeared to Gideon*

**का था, और उसका पुत्र गिदोन एक दाखरस के कुण्ड में गेहूँ इसलिये झाड़ रहा था कि उसे मिद्यानियों से छिपा रखे। उसको यहोवा के दूत ने दर्शन देकर कहा, "हे शूरवीर सूरमा, यहोवा तेरे संग है।"**

जबकि परमेश्वर गिदोन का उल्लेख शूर वीर सुरमा के रूप में करता है, गिदोन अपने आप को काफी अलग तरीके से देखता है। न्यायियों 6:15 (एनकेजेवी) में,

वह उत्तर देता है, **"हे मेरे प्रभु, विनती सुन, मैं इस्राएल को कैसे छुड़ाऊँ? देख, मेरा कुल मनश्शे में सबसे कंगाल है, फिर मैं अपने पिता के घराने में सबसे छोटा हूँ।"**

गिदोन अपने आप को सबसे कमज़ोर और सबसे छोटा मानता है, फिर भी परमेश्वर उसे एक सामर्थी व्यक्ति के रूप में देखता है जो अपने लोगों को बचाने और उनके दुश्मनों को हराने के लिए ठहराया गया है।

अक्सर, ये हमारे अपने विचार होते हैं जो हमें आगे बढ़ने से रोकते हैं। हम उन वरदानों, प्रतिभाओं और बुलाहट को कम आंकते हैं जो हमें दिए गए हैं, जिससे हमारे ईश्वरीय उद्देश्य को पूरा करने में विफलता होती है।

## आगे की सोच

इसके विपरीत, कुछ व्यक्ति समय से पहले कार्य करते हैं, परमेश्वर के समय की प्रतीक्षा करने के बजाय अपनी योजनाओं का अनुसरन करते हैं। मूसा पर विचार करें : जब उसने दो इस्राएलियों को लड़ते हुए देखा, तो उसने हस्तक्षेप किया, यह मानते हुए कि वह अपने लोगों को बचा सकता है। हालाँकि, यह परमेश्वर द्वारा निर्धारित समय नहीं था। दो इस्राएलियों के बीच विवाद को सुलझाने का उसका प्रयास अंततः आपदा में समाप्त हो गया।

## विचारों की सामर्थ

हमारे विचार असाधारण रूप से सामर्थी हैं; वे हमारे व्यवहार और भावनाओं को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करते हैं। मनोवैज्ञानिक इस प्रभाव को स्वीकार करते हैं, यही कारण है कि यह संज्ञानात्मक व्यवहार चिकित्सा (सी बी टी) में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विचार हमारे जीवन के एक महत्वपूर्ण पहलू पर हावी होते हैं, यही कारण है कि बाइबल हमें अपने मन की रक्षा करने की सलाह देती है। हम अपने दिमाग में जो कुछ भी आने देते हैं, उसका हमारे सोचने के तरीके पर गहरा असर पड़ता है। एक गलत विचार हमारे जीवन के पूरे पाठ्यक्रम को पटरी से उतार सकता है और हमें उन योजनाओं और उद्देश्यों से विचलित कर सकता है जो परमेश्वर ने हमारे लिए बनाए हैं।

## दाऊद की अंतर्दृष्टि :

दाऊद एक ऐसा व्यक्ति था जो परमेश्वर को प्रसन्न करना चाहता था और उसे अपने जीवन के केंद्र में रखता था। शाऊल द्वारा दाऊद का लगातार पीछा करने के बावजूद, परमेश्वर ने दाऊद को शाऊल के हाथों में नहीं सौंपा। इसके बजाय, तीन से अधिक अवसरों पर, परमेश्वर ने शाऊल को दाऊद के हाथों में सौंप दिया। हालांकि, दाऊद ने शाऊल को नुकसान न पहुंचाने का फैसला किया, और कहा, "वह प्रभु का अभिषिक्त है।" दाऊद ने शाऊल पर परमेश्वर के अभिषेक का सम्मान किया, तब भी जब शाऊल ने अपनी ईश्वरीय नियुक्ति के अनुसार कार्य नहीं किया।

*पृष्ठ 6 में क्रमशः...*

**नहेम्याह बाइबल कॉलेज**
**रेसिडेन्शल कॉलेज, चेन्नई।**

ECHO OF HIS CALL
REACHING NATIONS

**माध्यमः हिन्दी**

सुविख्यात अंतर्राष्ट्रीय मसीही अगुवे तथा पिछले 54 वर्षों से सेवारत वरिष्ठ पासवान

योग्यता 10 वी या अधिक

**Diploma in Theology**

जल्दी करें!

**Contact : The Chairman, Nehemiah Bible College.**
10, MOHAMMED ABDULLAH 2ND STREET, CHEPAUK, CHENNAI - 600 005, INDIA.
Phone : (+91-44) 2852 8282, Cell : (+91) 98410 71852 / 95661 31858
E.mail : sam@echoofhiscall.org / Website : www.echoofhiscall.org
★ ऑनलाइन कक्षाएं उपलब्ध हैं ★

GREAT COMMISSION PARTNERS
ECHO OF HIS CALL MINISTRIES SINCE 1969

# महान आदेश के भागी

✽ भार उठना (गलातियों 6:2), ✽ सहायता करना (रोमियों 12:13) और ✽ चमकना (2 तीमु. 1:6)



## स्तुति और प्रार्थना निवेदन

**19 अक्टूबर 2024, से 18 नवंबर 2024 तक**

(कृपया इस पृष्ठ को फाड़िये, घड़ी कीजिए और उसे अपनी बाइबल में रखकर निरंतर प्रार्थना कीजिए।)

## स्तुति विषय

**19 अक्टूबर :** बाधाओं के बावजूद परमेश्वर के राज्य का निर्माण करने के लिए एको ऑफ़ हिज़ कॉल सेवकाइयों को सक्षम बनाने हेतु।

**20 अक्टूबर :** प्रिंसिपल, कर्मचारियों और छात्रों सहित हमारे सेंट पॉल्स मैट्रिकुलेशन स्कूल को आशीष देने के लिए।

**21 अक्टूबर :** एको ऑफ़ हिज़ कॉल पत्रिका सेवकाई की सहायता करने वाले समर्पित सहयोगी संपादकों के साथ हमारी सेवकाई को आशीष देने के लिए।

**22 अक्टूबर :** हमारे सेंट पॉल्स मैट्रिकुलेशन स्कूल के लिए एक नए प्रिंसिपल की नियुक्ति में उसकी आशीष के लिए।

**23 अक्टूबर :** हमें अपनी पत्रिका को १६ भाषाओं में हमारे प्रिंटिंग प्रेस में प्रिंट छापने और प्रकाशित करने और मिशन क्षेत्रों में वितरित करने में सक्षम बनाने के लिए।

**24 अक्टूबर :** हमारे एको ऑफ़ हिज़ कॉल सेवकाइयों के कर्मचारियों और उनके परिवारों की सुरक्षा के लिए।

**25 अक्टूबर :** हमारे एको ऑफ़ हिज़ कॉल YouTube मीडिया सेवकाई के ५-मिनट के संदेशों के परिणामस्वरूप हमें गवाही के साथ आशीष देने के लिए।

**26 अक्टूबर :** हम अपने समर्पित कार्यकर्ताओं द्वारा समर्थित हमारे सुसमाचार मुद्रण प्रेस के निरंतर संचालन के लिए आभारी हैं।

**27 अक्टूबर :** हम अपने प्रार्थना भागीदारों, सदस्यता भागीदारों, विश्वास भागीदारों, जीवन भागीदारों, और महान आयोग भागीदारों के साथ-साथ उनके परिवारों के प्रति प्रभु की दया के लिए ध न्यवाद व्यक्त करते हैं।

**28 अक्टूबर :** हम अपनी विविध सेवाओं में उसके निरंतर मार्गदर्शन की सराहना करते हैं।

**29 अक्टूबर :** हम अपने बाइबल पत्राचार पाठ्यक्रम और ईश्वरविज्ञान पत्राचार पाठ्यक्रम के विकास का जश्न मनाते हैं।

**30 अक्टूबर :** हम नहेम्याह बाइबल कॉलेज के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने में उसकी दया के लिए आभारी हैं।

**31 अक्टूबर :** हम अपने मिशनरियों और उनके परिवारों को दिए गए आशीर्वाद के लिए उसका धन्यवाद करते हैं।

**01 नवंबर :** हम विभिन्न सेवकाइयों के माध्यम से सुसमाचार का प्रचार करने के लिए अपने वरिष्ठ पादरी के समर्पण को स्वीकार करते हैं।

**02 नवंबर :** हम अपने मुख्य चर्च में पुरुषों की सभा के लिए उसकी आशीष चाहते हैं।

**03 नवंबर :** हम पिछले महीने हमारी सभी वित्तीय और आत्मिक जरूरतों को पूरा करने के लिए परमेश्वर के आभारी हैं।

## कृपया प्रार्थना करें

**04 नवंबर :** दुनिया भर के पासवान और मिशनरियों के लिए ईश्वरीय सुरक्षा।

**05 नवंबर :** युद्ध की समाप्ति तथा यूक्रेन और रूस के बीच एकता और शांति की बहाली।

**06 नवंबर :** सभी मसीही संगठनों और कलीसियाओं पर आशीष और सुरक्षा।

**07 नवंबर :** सभी विश्वासियों के हृदयों के लिए प्रकाश।

**08 नवंबर :** हमारी बहन, जेसी वीना सैम सेल्वा राज, जो फिर से अस्वस्थ हैं।

**09 नवंबर :** दुनिया भर के सभी आत्मिक नेता।

**10 नवंबर :** हमारे वरिष्ठ पासवान द्वारा अपनी आत्मकथा लिखने में उसका सामर्थी मार्गदर्शन।

**11 नवंबर :** हमारे मिशन क्षेत्र में काम करने वाले।

**12 नवंबर :** परमेश्वर से हमारी एको ऑफ़ हिज़ कॉल सेवाओं में और अधिक समर्पित कार्यकर्ताओं को लाने के लिए।

**13 नवंबर :** हमारी वित्तीय ज़रूरतें, जिसमें हमारी सेवकाई से संबंधित कर्मचारियों के वेतन, मुद्रण सामग्री, डाक और परिवहन शामिल हैं।

**14 नवंबर :** नशीली दवाओं की लत और गलत काम करने वालों के लिए पूरी राहत।

**15 नवंबर :** इस पीढ़ी के युवाओं और बच्चों के लिए प्रार्थना करने के लिए हमारे ग्लोबल विज़न फ़ॉर यूथ एंड किड केयर सेवकाई के लिए नामांकन में वृद्धि।

**16 नवंबर :** सभी धर्मों के बीच एकता।

**17 नवंबर :** हमें सुसमाचार को उन क्षेत्रों में फैलाने में सक्षम बनाना, जहां तक उसकी पहुंच नहीं है।

**18 नवंबर :** हमारे नेताओं, सरकारी अधिकारियों और अधिकारियों के प्रति परमेश्वर की दया।

*पृष्ठ 4 से आगे:...*

एक अवसर पर, जब दाऊद किलेबंद नगर कीला गया, तो शाऊल ने इसे उसे पकड़ने के लिए एक बेहतरीन अवसर के रूप में देखा, यह मानते हुए कि दाऊद बेंडेवाले नगर से बच नहीं सकता (1 शमूएल 23)। फिर भी, हम देखते हैं कि परमेश्वर ने दाऊद को बचाया। फिर से, अध्याय 26 में, शाऊल दाऊद को पकड़ने के करीब था, लेकिन एक बार फिर, परमेश्वर ने दाऊद को भागने में मदद की। अध्याय 26 में एक अन्य उदाहरण में, जब शाऊल दाऊद का पीछा कर रहा था, दाऊद के पास शाऊल को मारने का मौका था, लेकिन उसने अभिषिक्त जन पर हाथ न डालने का फैसला किया, इसके बजाय दूर जाने का विकल्प चुना। इन परीक्षाओं के दौरान, परमेश्वर दाऊद के जीवन में विश्वासयोग्य रहा। चाहे शाऊल ने दाऊद को मारने का कितना ही ज़ोरदार प्रयास क्यों न किया हो, परमेश्वर ने लगातार उसकी रक्षा की। जैसा कि 1 शमूएल 23:14 में कहा गया है, **“... शाऊल उसे प्रतिदिन ढूँढ़ता रहा, परन्तु परमेश्वर ने उसे उसके हाथ में न पड़ने दिया।”**

हालांकि, दाऊद के जीवन में एक समय आता है, जैसा कि हमारे सभी जीवन में होता है, जब हम परमेश्वर से प्रेम करते हैं, परमेश्वर पर भरोसा करते हैं, और जानते हैं कि वह हमसे प्रेम करता है और हमारी परवाह करता है, वह हमारी अपेक्षा या कल्पना से कहीं अधिक करने में सक्षम है। फिर भी, संदेह हमारे मन में आते हैं, जिससे हम गलत निर्णय लेते हैं।

1 शमूएल 27 दाऊद के जीवन के एक दिलचस्प अध्याय को दर्शाता है, जो उसके सबसे बुरे समय में से एक को दर्शाता है।

अंग्रेजी बाइबल में, यह इस वाक्यांश से शुरू होता है, “तब दाऊद सोचने लगा।” उसे अचानक डर लगा कि शाऊल उसे हरा देगा, उसे लगा कि वह अब शाऊल के सामने खड़ा नहीं हो सकता। परिणामस्वरूप, उसने फैसला किया कि उसे अपने लोगों के साथ अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई करनी होगी। दाऊद ने पलिश्तियों के बीच शरण लेने का फैसला किया, यह सोचकर कि वह परमेश्वर के हाथों के बजाय दुश्मन के हाथों में सुरक्षित रहेगा। इस अवधि के दौरान, हम देखते हैं कि दाऊद ने सांसारिक सफलता का अनुभव किया। वह जहां भी गया, वह विजयी रहा; उसने धन, प्रसिद्धि, सामर्थ और अधिकार कमाया, उसके पास वह सब कुछ था जिसकी उसे आवश्यकता थी और वह एक विजेता था। हालांकि, हम अक्सर सफलता और आशीष को परमेश्वर के वरदान समझते हैं। यहाँ तक कि शैतान भी हमें धन, प्रसिद्धि और समृद्धि प्रदान कर सकता है। यह समझना महत्वपूर्ण है कि हमारी आशीष परमेश्वर की ओर से आती है या शत्रु की ओर से।

यदि कोई आशीष हमें परमेश्वर से दूर ले जाती है - जैसे कि काम या शिक्षा जो हमें कलीसिया में जाने या उसके साथ हमारे रिश्ते को गहरा करने से रोकती है - तो यह हमारी प्राथमिकताओं का पुनर्मूल्यांकन करने का समय है। हमें इस बात पर विचार करना चाहिए कि हम जो आनंद लेते हैं वह वास्तव में परमेश्वर की ओर से आता है या नहीं।

दाऊद आनंदित और संतुष्ट था, यह मानते हुए कि वह जो भी निर्मम हत्याएं कर रहा था, उससे परमेश्वर प्रसन्न था और उसके कार्यों को उचित ठहरा रहा था। आश्चर्यजनक रूप से, इस अवधि के दौरान, हम दाऊद को कोई भजन लिखते नहीं देखते हैं। मेरा मानना है कि इसने एक ऐसी मानसिकता की नींव रखी जिसने उसे बिना किसी हिचकिचाहट के हत्या करने की अनुमति दी। बाइबल कहती है, **“दाऊद ने उस देश को नष्ट किया, और स्त्री पुरुष किसी को जीवित न छोड़ा, और भेड़-बकरी, गाय-बैल, गदहे, ऊँट, और वस्त्र लेकर लौटा, और आकीश के पास गया”** (1 शमूएल 27:9)।

इस व्यवहार ने उसे एक निर्दयी हत्यारे में बदल दिया, जिससे उसे बथशेबा के पति उरीया की हत्या की साजिश रचने में आसानी हुई, उसे खुद की मौत की सजा सौंपकर। दाऊद ने अपने कार्यों के लिए कोई पछतावा नहीं दिखाया, क्योंकि इस मानसिकता के बीज बहुत पहले ही पलिश्ती

*पृष्ठ 8 में क्रमशः...*


# NEHEMIAH BIBLE EVENING COLLEGE

Chepauk & Santhoshapuram, Chennai.

ECHO OF HIS CALL 1966-2016 GOLDEN JUBILEE

REACHING NATIONS

Medium :Tamil

**Rush for Admission!**

Recognised by International Christian Leaders & Senior Pastors for the past 54 years

Diploma in Theology

Qualification : 10th Standard & above

Contact : The Chairman, Nehemiah Bible College.

10, MOHAMMED ABDULLAH 2ND STREET, BELLS ROAD, CHEPAUK, CHENNAI - 600 005, INDIA.

Phone : (+91-44) 2852 8282, Cell : (+91) 98410 71852 / 95661 31858

E.mail : sam@echoofhiscall.org / Website : www.echoofhiscall.org

## कृपया हमारे मुख्यालय में हो रहे सेवाकार्यों के लिए प्रार्थना करें!

१. प्रार्थना सेवा : २४ घंटे
२. **बाइबलकोर** - बाइबल पत्राचार पाठ्यक्रम : अंग्रेजी, तमिल, हिन्दी
३. **बुलावे की प्रतिध्वनि (एको ऑफ हिज़ कॉल)** - मासिक पत्रिका अंग्रेजी, तमिल, मलयालम, तेलुगू, हिन्दी, कन्नड, मराठी, गुजराती, बगाली, उड़िया, नेपाली, आसामी, पंजाबी, उर्दू, सिन्हाला, अफ्रीकान
४. नहेम्याह बाइबल कॉलेज (तीन केन्द्र)
५. थियोलॉजिकल प्रशिक्षण कोर्स - अंग्रेजी एवं तमिल
६. ग्रेट कमिशन पार्टनर्स
७. प्रशिक्षण कार्यक्रम
८. सुसमाचार सभाएं
९. साहित्य वितरण और फॉलो-अप
१०. सुसमाचार साहित्य मुद्रणालय -प्रकाशन
११. सेंट पॉल्स मॅट्रिक्युलेशन स्कूल - विलेज इंग्लीश स्कूल
१२. सण्डेस्कूल रविवार प्रातः ८.३० बजे
**१३. तमिल उपासना रविवार प्रात ५.०० बजे - ७.०० बजे १०.००बजे**
**१४. हिन्दी उपासना रविवार सायं ४.०० बजे**
**१५. तेलुगू उपासना रविवार सायं ५.०० बजे**
**१६. अंग्रेजी तथा तमिल उपासना रविवार सायं ६.०० बजे**
१७. महिलाओं की प्रार्थना सभा बुधवार सायं ५.३० बजे
१८. पुरुषों की प्रार्थना सभा शुक्रवार सायं ६.३० बजे
१९. शिष्यता की सभा शनिवार सायं ६.०० बजे
२०. गृह सभाएँ मंगल.गुरु सायं ६.३० बजे
२१. विशेष पवित्र सहभागिता-प्रभुभोज प्रतिमाह के १ ला दिवस पर प्रातः ५.३० बजे
२२. कर्मचारी समीक्षा सभा प्रथम शनिवार सायं ५.३० बजे
२३. पालकों की प्रार्थना सभा प्रथम रविवार सायं ४.०० बजे
२४. रात्रकालिन प्रार्थना द्वितीय शुक्रवार रात ९.३० बजे
२५. उपवास के साथ प्रार्थना प्रथम शनिवार सायं ९.३० बजे
२६. पवित्र प्रभुभोज द्वितीय रविवार की उपासनाएँ
२७. प्रातःकालीन उपासना प्रतिदिन प्रातः ५.०० बजे
२८. कर्मचारी वर्ग द्वारा प्रार्थना उपासना प्रतिदिन प्रातः ९.०० बजे
२९. कार्यालय प्रातः ९.०० बजे से सायं ९.०० बजे (रविवार छोड़कर)

### ऍको ऑफ हिज़ कॉल पत्राचार पाठ्यक्रम केवल भारत में उम्मीदवार के लिए

### 1. बाइबलकोर

हम नए मसीहियों और गैर–मसीहियों के लिए बाइबल के बुनियादी सत्य पर पत्राचार पाठ्यक्रम प्रस्तुत करते हैं अंग्रेजी–57 पृष्ठ, हिन्दी–76 पृष्ठ, और तमिल–96 पृष्ठ। आपको एक पाठ्यक्रम पुस्तक मिलेगी जिसका शीर्षक है नया जीवन – आपके लिए! इस कोर्स के पूरा होने के बाद आपको ***आपके लिए नया जीवन*** शीर्षक युक्त पाठ्यक्रम की एक पुस्तक प्राप्त होगी।

### 2. ईश्वरविज्ञान पत्राचार पाठ्यक्रम

ईश्वरविज्ञान पत्राचार पाठ्यक्रम नामक एडवान्स्ड डिस्टन्स एज्युकेशन पासबानों, सुसमाचार प्रचारकों और मसीही अगुवों के लिए भी उपलब्ध है जिन्हें परमेश्वर की सेवा के लिए बोझ है– अंग्रेज़ी 537 पृ. और तमिल 652 पृ. ! शुल्क रु. 1000/– लिया जाएगा, 149 अध्यायों की सात पुस्तकें दी जाएगी। सर्टिफिकेट इन मिनिस्ट्री दिया जाएगा। परमेश्वर आपको आशीष दे!

***अधिक जानकारी के लिए आज ही सम्पर्क करें।***

**The Chairman, Nehemiah Bible College,**
**Echo of His Call, Post Box 2957**
CHEPAUK, CHENNAI - 600 005.
**Ph.: (044) 2852 8282, 2852 9293, 2854 7766,**
**Cell : 98410 71852, 95661 31858**
**E.mail : biblecor@yahoo.co.in**

**WANTED**
**PRINCIPAL for CHRISTIAN MATRICULATION SCHOOL at Chennai.**

We need well qualified, experienced, dedicated, hard working and mission oriented Christian.

Apply to :
E.mail: biblecor@yahoo.co.in
WhatsApp: (+91) 97908 05460

## कर में छूट

किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा ''एको ऑफ हिज़ कॉल एज्युकेशनल ट्रस्ट'' को दिया गया दान आयकर कानून की धारा ८० जी. के तहत कर मुक्त माना जाता है। इसके लिए अधिकृत रसीद दी जाएगी। दानदाताओं से निवेदन है कि वे अपने चेक तथा ड्राफ्ट **''एको ऑफ हिज़ कॉल एज्युकेशनल ट्रस्ट''** के नाम पर आपके आधार कार्ड और पैन कार्ड के साथ भेज दें।

| | |
|---|---|
| Account Name | : ECHO OF HIS CALL EDUCATIONAL TRUST |
| Account Number | : 1023 2923 805 |
| Bank Name | : STATE BANK OF INDIA |
| Branch | : TRIPLICANE, CHENNAI - 600 005 |
| IFSC Code | : SBIN 0000249 |
| SWIFT Code | : SBI NIN BB 455 |



# खाई से महल तक

(पास्टर एस. सॅम सेल्वा राज के जीवन अनुभव)

*"जो पढ़े वह समझे"* मत्ती 24:15

## परमेश्वर ने चमत्कार किया!

*... मनुष्य तो बाहर का रूप देखता है, परन्तु यहोवा की दृष्टि मन पर रहती है - 1 शमूएल 16:7*

एक बार, मेरे बेटे, एलेक्स सैमसन और मुझे विदेश में प्रभु के वचन को बांटने के लिए आमंत्रित किया गया था। जिस भाई ने हमें आमंत्रित किया था, उसने हमें यात्रा खर्च देने का वादा किया। प्रभु ने हमें इस देश में पहुंचाया, और सेवकाई असाधारण रूप से अच्छी हुई। प्रभु ने सामर्थी रूप से काम किया और अपने लिए कई आत्माओं को चुना। जब सेवकाई के दिन समाप्त हुए, तो हम जाने की तैयारी कर रहे थे। हालांकि, जिस भाई ने हमें आमंत्रित किया था, वह हमारे यात्रा खर्च के बारे में अपना वादा पूरा करने में असमर्थ रहा। इस अप्रत्याशित मोड़ ने हमारी अगली यात्रा के लिए एक चुनौतीपूर्ण वित्तीय स्थिति पैदा कर दी। फिर भी, यह उल्लेखनीय था कि इस घटना ने हमारी शांति को भंग नहीं किया। जैसा कि पवित्र शास्त्र हमें याद दिलाता है, और हम जानते हैं कि जो लोग परमेश्वर से प्रेम करते हैं, उनके लिए सभी बातें मिलकर भलाई को उत्पन्न करती हैं ... रोमियों ८:२८। इस वचन ने हमें सांत्वना दी। हालांकि हमने अगले शहर के लिए हवाई जहाज़ के टिकट खरीदे थे, लेकिन हमने पाया कि हमारे पास खाने के लिए पैसे नहीं थे। हमने जो टिकट खरीदे थे, वे सस्ते थे, और परिणामस्वरूप, एयरलाइन बिना भुगतान के पानी भी उपलब्ध नहीं कराती थी। विमान के अपने गंतव्य पर पहुंचने तक हम भूख और प्यास से तड़पते रहे। आश्चर्य की बात है कि इस मामले को लेकर न तो मेरे बेटे ने और न ही मैंने किसी के प्रति कोई कड़वाहट रखी। हमने कभी भी भाई को वादा किए गए पैसे न देने के लिए दोषी नहीं ठहराया। हम दोनों इस बारे में चुप रहे और हमारे दिल में कोई परेशानी नहीं थी। परमेश्वर की जय हो!

अगले शहर में पहुंचने पर, परमेश्वर के बच्चों ने हमारा गर्मजोशी से स्वागत किया, जो हमें हमारे विश्राम स्थल पर ले गए और हमारी बहुत अच्छी तरह से देखभाल की।

अगले दिन, एक भाई हमसे मिलने आया। उसने हमसे कुछ देर बात की और मुझे एक लिफ़ाफ़ा दिया। उसने कहा, "पादरी, परमेश्वर ने मुझे आपके आपातकालीन खर्चों के लिए यह देने का निर्देश दिया है।" लिफ़ाफ़े के अंदर इतनी रकम थी जो हमारे यात्रा खर्च से ज्यादा थी। इसे देखकर हम बहुत खुश हुए। वह भाई और उसकी कलीसिया हमारे बहुत अच्छे दोस्त बन गए। कितना अद्भुत आश्चर्य! हमें किसी चीज़ की कमी नहीं थी। तब से परमेश्वर हमें इसी तरह मार्गदर्शन दे रहे हैं।

प्रिय पाठक, क्या आप भी इस प्रभु की सेवा करना चुनेंगे? **जवान सिंहों को तो घटी होती और वे भूखे भी रह जाते हैं, परन्तु यहोवा के खोजियों को किसी भली वस्तु की घटी न होगी।** भजन 34:10। **परखकर देखो कि यहोवा कैसा भला है! क्या ही धन्य है वह पुरुष जो उसकी शरण लेता है।** भजन संहिता 34:8।

---

*पृष्ठ 6 से आगे:...*

क्षेत्र में उसके समय के दौरान बोए गए थे, जो परमेश्वर की इच्छा और उपस्थिति से दूर था। वह इस्राएलियों और शाऊल के खिलाफ लड़ने के लिए इतना आगे बढ़ गया। अध्याय 28 में, हम पलिश्ती सेना के सेनापति को यह कहते हुए देखते हैं, "उस पुरुष को लौटा दे, कि वह उस स्थान पर जाए जो तू ने उसके लिये ठहराया है; वह हमारे संग लड़ाई में न आने पाएगा, कहीं ऐसा न हो कि वह लड़ाई में हमारा विरोधी बन जाए।" उन्होंने अंततः दाऊद को रोक दिया।

एक बार जब कोई परमेश्वर से दूर जाने की ढलान पर नीचे की ओर खिसकना शुरू कर देता है, तो यह एक तीव्र पतन बन जाता है। दाऊद तेजी से नीचे गिर रहा था।

उसके कार्यों का परिणाम बहुत गहरा थाः :

जब वह वापस लौटा, तो उसे यह देखकर झटका लगा कि उसने जो कुछ भी कमाया था, वह सब चला गया था।

1 शमूएल 30:1—2 : **"तीसरे दिन जब दाऊद अपने जनों समेत सिकलग पहुँचा, तब उन्होंने क्या देखा, कि अमालेकियों ने दक्खिन देश और सिकलग पर चढ़ाई की, और सिकलग को मार के फूँक दिया,**

**और उसमें की स्त्री आदि छोटे बड़े जितने थे, सब को बन्दी बना कर ले गए; उन्होंने किसी को मार तो नहीं डाला, परन्तु सभों को लेकर अपना मार्ग लिया।"** दाऊद ने अपनी पत्नियाँ और अपने आदमियों की दृढ़ निष्ठा सहित सब कुछ खो दिया, जो हर जगह उसके साथ थे और उसकी सभी लड़ाइयां उन्होंने लड़ी थीं।

1 शमूएल 30:6 में लिखा है : **"परन्तु दाऊद ने अपने परमेश्वर यहोवा को स्मरण करके हियाव बाँधा।"**

दाऊद बिलकुल अकेलेपन को महसूस कर रहा था; ऐसा लगा कि हर कोई उसके खिलाफ हो गया है। उसने अपना परिवार, अपना करियर, अपनी बचत और अपनी प्रसिद्धि खो दी – सब कुछ एक ही रात में चला गया। उसके अपने लोग उस पर हमला करने और उसे मार डालने के लिए भी तैयार थे। उसके पास कोई ऐसा नहीं था जिस पर वह भरोसा कर सके, कोई ऐसा नहीं था जिसके साथ वह अपनी समस्याएं या भावनाएं बाँट सके।

अगुवा होना अक्सर एक अकेलापन भरा अनुभव हो सकता है। जब परिस्थितियां अनुकूल होती हैं, तो अगुवों की प्रशंसा होती है; हालांकि, जब चीजें गलत हो जाती हैं, तो अक्सर ऐसा कोई नहीं होता जिसके सामने वे अपने मन की भावनाएं व्यक्त कर सकें। दूसरों की तरह, दाऊद ने भी सब कुछ खो दिया, फिर भी उसके पास अपनी कुंठाओं को बाहर निकालने या अपनी पीड़ा को चिल्लाने के लिए कोई जगह नहीं थी। क्या आप उसकी मानसिक स्थिति की कल्पना कर सकते हैं?

कभी-कभी, हम मानते हैं कि परमेश्वर से दूर रहना बेहतर है। हालांकि, परमेश्वर अक्सर हमें एक लंबी रस्सी देता है क्योंकि हमारे लिए उसका प्यार गहरा और अथाह है। यह हमारे पापों और अवज्ञा से परे है। यही कारण है कि उसने स्वर्ग में सब कुछ पीछे छोड़ दिया और हमें अनंत जीवन प्रदान करने के लिए एक साधारण व्यक्ति का रूप धारण किया।

**"जिसने परमेश्ध्वर के स्वरूप में होकर भी परमेश्ध्वर के तुल्य होने को अपने वश में**

**रखने की वस्तु न समझा। वरन् अपने आप को ऐसा शून्य कर दिया, और दास का स्वरूप धारण किया,**

**और मनुष्य की समानता में हो गया।**

**और मनुष्य के रूप में प्रगट होकर अपने आप को दीन किया, और यहाँ तक आज्ञाकारी रहा कि मृत्यु, हाँ, क्रूस की मृत्यु भी सह ली।"** – फिलिप्पियों 2:6–8।

वह हमारे अस्तित्व में जीवन और अर्थ लाने के लिए क्रूस पर मर गया, जिससे हमें अपने जीवन में उद्देश्य मिला। वह हमें प्रतिफल देने के लिए वापस आ रहा है, और वह केवल यही चाहता है कि हम उससे प्रेम करें और उसके साथ नज़दीकी रिश्ते में रहें। दाऊद ने प्रभु में अपनी सामर्थ्य पाई!

बाइबल बताती है कि दाऊद बहुत दुखी था। हालांकि, यह भी कहता है कि उसने प्रभु में खुद को दृढ़ किया। अंत में, उसे एहसास हुआ कि वह परमेश्वर से कितनी दूर भटक गया था। वह सामर्थ्य में नया होने के लिए परमेश्वर के पास लौट आया। दाऊद ने पाया कि परमेश्वर ही उसके बल का एकमात्र स्रोत था, जो उसकी निराशाजनक स्थिति में उसकी मदद करने में सक्षम था। उसने समझा कि विपत्ति के समय में वह हमेशा उपस्थित रहने वाला सहायक है। दाऊद ने प्रभु की उपस्थिति की तलाश की, परमेश्वर से पूछा कि आगे क्या करना है और मार्गदर्शन के लिए उसे खोजा, सर्वशक्तिमान पर अपनी निर्भरता दिखाई। इस बार, वह प्रभु की सामर्थ्य के साथ आगे बढ़ना चाहता था।

परमेश्वर अभी हममें से कुछ लोगों को सामर्थ्य, प्रोत्साहन, क्षमा और पुनर्स्थापना के लिए उसके पास आने के लिए बुला रहा है – उस स्थान पर लौटने के लिए जहां हमें होना चाहिए। दाऊद परमेश्वर के हाथों में पड़ने से नहीं हिचकिचाया, और हमें भी ऐसा करने से नहीं हिचकिचाना चाहिए।

बाइबल हमें बताती है कि जब दाऊद परमेश्वर के पास लौटा (1शमूएल 30:18), **"वह सब दाऊद ने छुड़ाया।"** उसने वह सब कुछ वापस पा लिया जो उसने खो दिया था – परिवार, पैसा, शोहरत, स्थान, मित्र, संपत्ति और धन। कल्पना कीजिए : दाऊद ने सब कुछ वापस पा लिया, न केवल अपने लिए बल्कि अपने सभी लोगों के लिए भी। जब हम उस पर भरोसा करते हैं, तो परमेश्वर ऐसा रास्ता खोज निकालता है जहाँ कोई रास्ता नहीं दिखता। वह अलौकिक द्वारों को खोल सकता है।

शायद आप अपने आप को दाऊद की स्थिति में देखते हैं, ऐसा महसूस करते हुए कि आपने सब कुछ खो दिया है और सोच रहे हैं कि क्या वापस पूर्वस्थिति पाना संभव है, यह सोचते हुए, "क्या कोई रास्ता है? मैं इसमें बिल्कुल अकेला हूं।"

प्रिय भाइयों और बहनों, याद रखें कि हम अकेले नहीं हैं; बस पिता के पास दौड़ें, और वह हमारे भले के लिए सब कुछ व्यवस्थित करेगा।

प्रिय मित्रों, दाऊद के जीवन में भारी गिरावट उसके विचारों से उपजी थी, इसलिए हमें अपने विचारों के प्रति सावधान रहना चाहिए। साथ ही, याद रखें कि हमारा परमेश्वर एक दयालु पिता है, जो हमेशा के लिए खुली बाहों के साथ आपके और मेरे लौटने का इंतज़ार कर रहा है।

क्या आप उसकी ओर दौड़ेंगे?

************

## कृपया ध्यान दें!

हम पास्टर एस. सॅम सेल्वाराज के जीवन चरित्र को पुस्तक रूप में प्रकाशित करने के अंतिम चरणों में हैं। हम आपकी गवाहियों के लिए आपसे बिनती करते हैं जो दस वाक्यों की हों, और यह बताएं कि कैसे परमेश्वर ने उनकी सेवकाई के द्वारा आपकी आत्मिक उन्नति को प्रभावित किया है। इसके अलावा, यदि आप आत्मकथा में शामिल करने के लिए अपना एक फोटो दे सकते हैं तो हम इसकी सराहना करेंगे।

RNI.No.63656/95, Postal Regn.No.TN/CH/(C)/202/24-26 WPP.No.TN/PMG(CCR)/WPP-222/24-26

## एको ऑफ हिज़ कॉल यू ट्यूब

Please subscribe

कृपया आपके समय के अनुसार हमारा **एको ऑफ हिज़ कॉल यू ट्यूब चैनल** देखें और उसे सब्क्राईब करें। - धन्यवाद

## OUR BANK DETAILS:

### *1. Bank : State Bank of India*

Branch : **Triplicane, Chennai-5**
Name : **S. Sam Selva Raj**
A/C No. : **1023 2934 679**
IFSC : **SBIN 00 00 249**
SWIFT CODE : **SBI NIN BB 455**

### *2. Bank : ICICI Bank*

Branch : **Anna Salai, Chennai-6**
Name : **Echo of His Call**
A/C No. : **6038 0502 2319**
IFSC : **ICIC 000 6038**

### *3. Bank : State Bank of India*

**(This Account is for Tax Exemption for Indians only )**

Branch : **Triplicane, Chennai-5**
Name : **Echo of His Call Educational Trust**
A/C No. : **1023 2923 805**
IFSC : **SBIN 00 00 249**

Google Pay: 98410 71858
PayPal : SAM SELVA RAJ
*****
E.mail : sam@echoofhiscall.org

# एको ऑफ हिज़ कॉल

१६ भाषाओं में मासिक पत्रिकाएं, पत्राचार पाठ्यक्रम, कलीसिया रोपन, ग्रामीण अंग्रेज़ी हायस्कूल, सुसमाचार छापखाना, क्रूसेड, सेमिनार, समाज सेवा आदि।

**वार्षिक शुल्कः रु. १००/-     आजीवन शुल्कः रु. २,०००/-**

**एको ऑफ हिज़ कॉल** की गतिविधियां आपके समान परमेश्वर के लोगों के स्वेच्छा दानों और भेंटों से पूरी की जाती हैं। आप परमेश्वर की अगुवाई के अनुसार **एको ऑफ हिज़ कॉल** और उसके सारे कार्यक्रमों को आर्थिक सहायता भेज सकते हैं। अनपहुंचे लोगों को सुसमाचार सुनाने हेतु और कलीसिया की स्थापना के लिए हमें आपकी सहायता की ज़रूरत है।

अगर आप **एको ऑफ हिज़ कॉल** मासिक पत्रिका नियमित रूप से प्राप्त करना चाहते हैं तो कृपया हमें लिख भेजें। जब कभी अपना पता या ई-मेल बदलें तो कृपया अपने पुराने एवं वर्तमान पते के बारे में अवश्य सूचना दें।

**एको ऑफ हिज़ कॉल** सेवकाई १६ भाषाओं की मासिक पत्रिका हमारे वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। आप इस साइट पर जाकर और उसे डाऊनलोड करके उसे पढ़ सकते हैं और आशीष पा सकते हैं।

आपके पत्र, प्रार्थना अनुरोध और आपकी आर्थिक सहायता (मनी ऑर्डर, चेक या डिमांड ड्राफ्ट, एनईएफटी, पेपॅल को(Sam Selva Raj, sam@echoofhiscall.org) PhonePe (98410 71858), Gpay (98410 71858), Western Union, MoneyGram, etc.) कृपया निम्नलिखित पते पर भेजी जा सकती है।

कृपया अपना **लैंड लाईन फोन/सेल फोन क्रमांक और ई-मेल पत्ता** आवश्यक सुधार/अद्यतनीकरण के लिए भेजें।

Our address :
**ECHO OF HIS CALL**
10, MOHAMMED ABDULLAH 2ND STREET, CHEPAUK, CHENNAI - 600 005, INDIA
PH: (+91-44) 2852 8282, 2852 9293, 2854 7766/ Cell: (+91) 98410 71852, 95661 31858 / E.mails: sam@echoofhiscall.org / biblecor@yahoo.co.in
Websites: www.echoofhiscall.org / www.stpaulsmatriculation.com

**YOU CAN SEND YOUR DONATION ONLINE ALSO**

Regd. with the RNI under No . 63656/95
Licenced to post without pre-payment
Postal Regn. No. TN/CH (C) /202/24-26
Licence No. WPP. No. TN/PMG(CCR)/WPP-222/24-26
Date of Publication: Second week of every month
Date of Posting : 8th & 9th of every month
Posted at "Egmore RMS / 1 Patrika Channel"
on 9th OCTOBER 2024.
If un-delivered please return to:
ECHO OF HIS CALL (HINDI)
P.O. Box No. 2957, Chepauk, Chennai - 600 005, INDIA.
Phone: (+ 91- 44) 2852 8282, 2852 9293, 2854 7766

***JESUS LOVES YOU!***

**To**

*GOD BLESS YOU!*

Owned and published by **S. Sam Selva Raj** from New No. 8 & 10, Old No.18 & 19, Mohammed Abdullah 2nd Street, Chepauk, Chennai-600 005 and printed by **S. Sam Selva Raj** at **Echo of His Call Printers,** New No. 8 & 10, Old No.18 & 19, Mohammed Abdullah 2nd Street, Chepauk, Chennai-600 005. Editor: **S. Sam Selva Raj.**